Title: Regarding enactment of a law to ban cow-smuggling.-laid

श्री संजय सेठ (राँची): झारखंड में गौ तस्करी बड़ा अपराध बन गया है और अब यह संगठित रूप से हो रहा है । पहले यहां अंतरराज्य था, अब यहां अंतरराष्ट्रीय हो चुका है । हमारे यहां गौ तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इसका विरोध करने वालों को जिंदा जला दिया जाता है । गाड़ी से कुचल कर दारोगा की हत्या कर दी जाती है ।

हमारे राज्य के लोकप्रिय खबर प्रभात खबर ने इस तस्करी पर एक खबर छापी, जो बेहद ही अमानवीय दृश्य को दिखाने वाला था । झारखंड से गोवंश को गंगा के सहारे बांग्लादेश भेजा जा रहा है । और इस तस्करी में जो रुख अपनाया जा रहा है, वह बेहद अमानवीय है । गायों को केले के थंब में बांधकर गंगा नदी में डूबा दिया जाता है, और वह गंगा नदी में बहते हुए बांग्लादेश तक पहुंच जाती है । यह अवैध व्यापार महीने में 100 करोड़ रूपये से अधिक का है । इससे जघन्य और अमानवीय और कुछ नहीं हो सकता ।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने गोवंश जानवरों की तस्करी की जांच से पुलिस को अलग किया है । जब से मुख्यमंत्री ने ऐसा किया है, तब से इनके हौसले और परवान चढ़े हैं । इस तस्करी पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर का कानून बनाया जाए ।